# 'सड़क सुधार और फसल खराबे के लिए शीघ्र प्रस्ताव बनाकर भिजवाएं'

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अजमेर-केकड़ी जिले से संबंधित कामकाज की समीक्षा की

**अजमेर, (कासं)।** उपमुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को अजमेर कलेक्ट्रेट सभागार में अजमेर एवं केकड़ी जिले से संबंधित विभिन्न कामकाज एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिए हैं कि अतिवृष्टि के कारण जिले की खराब सड़कों की मरम्मत के लिए अधिक से अधिक प्रस्ताव बनाकर भिजवाए जाएं। फसलों के खराबे के आंकलन का काम जल्द पूरा हो ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार होगा। यह योजना प्रदेश के सभी शहरों के लिए बनाई जाएगी।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अजमेर कलेक्ट्रेट सभागार में अजमेर एवं केकड़ी जिले से संबंधित विभिन्न कामकाज एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुइ अतिवृष्टि के कारण जिले में सड़कों, भवनों एवं फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। सड़कों एवं भवनों की मरम्मत के विस्तृत प्रस्ताव तैयार करवा कर भिजवाए जाएं। इसमें जन प्रतिनिधियों से भी सहयोग लिया जाए। सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिक से अधिक प्रस्ताव तैयार करके भिजवाएं। राज्य सरकार की ओर से धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसी तरह फसल खराबे के आंकलन के लिए गिरदावरी भी शीघ्र कराई जाए। जिला प्रशासन अपने अधीनस्थ राजस्व प्रशासन को तय समय सीमा में फील्ड में जाकर गिरदावरी के लिए पाबंद करें। इससे पूर्व जिला प्रशासन ने उन्हें बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी दी। जिला कलेक्टर लोक बंधु एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ज्योति ककवानी ने प्रेजेंटेशन में बताया कि राज्य बजट में अजमेर के लिए की गई आयुर्वेद यूनिवर्सिटी, आईटी सिटी, स्पोर्ट्स कॉलेज, थाना भवन, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कृषि मंडी नसीराबाद, पशु चिकित्सालय सहित अन्य घोषणाओं पर भूमि आवंटन एवं अन्य प्रक्रिया जारी है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिले के अलावा जयपुर स्तर पर भी इन बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए नियमित फॉलोअप किया जाए।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जयपुर में राइजिंग राजस्थान एवं जिलों में डिस्ट्रिक्ट समिट का आयोजन होना है। जिला प्रशासन इसके लिए तैयारी करें। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इस आयोजन की सफलता के लिए बड़े स्तर पर तैयारी कर रहे हैं। अजमेर में आईटी पार्क एवं किशनगढ़ में टाईल्स मनुफेक्रचरिंग हब सहित मार्बल, माइन्स, पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन सहित विविध क्षेत्रों में निवेश की विपुल संभावनाएं हैं। इस दिशा में गंभीरता से प्रयास किए जाएं। बैठक में अजमेर जिला प्रशासन ने अजमेर में जल भराव एवं इससे निपटने के लिए किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। जिला कलैक्टर लोक बंधु, नगर निगम के आयुक्त देशल दान ने बताया कि इस साल सामान्य से अधिक वर्षा के कारण कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति थी। इन सभी जगहों पर युद्धस्तर पर प्रयास करके जल भराव समाप्त कर दिया गया है। सभी सड़कों पर सामान्य आवागमन शुरू हो गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान बनाया जाएगा। जो सड़कें अभी गारंटी पीरियड में हैं, वे सड़कें ठेकेदार से सही करवाई जाएगी। अमृत योजना के तहत भी ड्रेनेज का काम करवाया जाएगा। उन्होंने

- **जो सड़कें अभी गारंटी पीरियड में हैं, वे सड़कें ठेकेदार से सही करवाई जाएगी : डिप्टी सीएम दिया कुमारी**

निर्देश दिए कि गांवों में पशु चिकित्सा के लिए चलने वाली मोबाइल वैन का रूट स्थानीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर निर्धारित हो एवं इनमें दवा की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में मनरेगा के काम स्वीकृत हो। बैठक में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गांवों में गिरदावरी के लिए राजस्व कार्मिक फील्ड में जाएं। किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा मिले। इसी तरह बारिश के कारण जिले में सड़कों को भारी क्षति पहुंची है। इन सभी सड़कों की मरम्मत के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाए जाएं। पशु चिकित्सा वैन में पूरी दवाएं उपलब्ध हों।

बैठक में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने गुर्जर आराध्य स्थल देवमाली में सड़क एवं मंदिर के विकास के लिए बजट स्वीकृति का आग्रह किया। विधायक रामस्वरूप लांबा एवं मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# फाइनेंसकर्मी से बदमाशों ने मारपीट कर नगदी लूटी

**सिकराय/भांडारेज, (निसं)।** सदर थाना इलाके के दौसा-लालसर सड़क मार्ग खारण्डी नदी पर सोमवार रात को अज्ञात कार सवार बदमाशों ने फाइनेंसकर्मी की बाइक के आगे कार लगाकर फाइनेंसकर्मी के साथ मारपीट कर लूट की वारदात की और फरार हो गए। फाइनेंसकर्मी से बदमाश 15 हजार रुपये व मोबाइल सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए।

बदमाशों द्वारा की गई मारपीट से फाइनेंसकर्मी अचेत हो गया। होश आने पर फाइनेंसकर्मी ने परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार के लोग घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी लगते ही सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मौके पर पड़ी मिली फाइनेंसकर्मी की बाइक को जप्त कर



मारपीट में घायल पीड़ित।

पुलिस थाने लेकर आई।

थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया

- **सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली**

फाइनेंसकर्मी तेजराम सैनी निवासी केदारवाली ढाणी ने थाने में मामला दर्ज कराया कि वह सोमवार को अपनी फाइनेंस कंपनी दौसा से अपने गांव गढ़ के लिए जा रहा था। इसी दौरान दौसा-लालासर मार्ग खारंडी नदी पर पीछे से आ रही अज्ञात कार सवार बदमाशों ने बाइक के आगे कार लगाकर बाइक को रुकवा लिया और कार में सवार आधा दर्जन बदमाशों ने मारपीट करते हुए जेब में रखी करीब 15 हजार रुपये की नगदी व मोबाइल सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर अपराधियों की धरपकड़ के लिए पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

## राकेश विश्नोई ने कंगयात्से-1 पर तिरंगा फहराया

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के राकेश विश्नोई और उनकी टीम ने लद्दाख क्षेत्र की मरखा घाटी की सबसे ऊंची चोटी कांगयास्ते-1 पर 21 हजार फीट की उंचाई को पार करते हुए तिरंगा फहराया है। राकेश विश्नोई ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ यह कारनामा किया है। राकेश विश्नोई का आगे चलकर एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य है।

राकेश विश्नोई ने अपने 3 अन्य साथियों गुरप्रीतसिंह सिद्धू, सोनम शेरपा और डॉ. आदित्य के साथ 7 सितंबर को दिल्ली से इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फाउंडेशन से परमिशन के साथ इस अभियान की शुरुआत की। अभियान के दौरान वे 57 किमी की ट्रेकिंग करते हुए मरखा घाटी पहुंचे और 11 सितंबर को उन्होंने अपना बेस कैंप स्थापित किया। खराब मौसम, स्नो फॉल और तेज हवाओं के बीच चुनौतियों के बाद बिश्नोई और उनकी बाकी टीम ने रोप फिक्सिंग के साथ जुमार, क्रेम्पोन और आइस एक्स का इस्तेमाल करते हुए ये कठिन चढ़ाई की।

# एनिकट में डूबने से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के पाल देवल फला कोलरा में बेन एनिकट में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक एनिकट पर नहाने गया था और देर रात तक वापस घर नहीं आया। ढूंढने आई मां ने एनिकट के बाहर कपड़े पड़े देख गांव के दूसरों लड़को को बुलाया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को एनिकट से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर थानाधिकारी गिरधारी सिंह ने बताया कि हकरा पुत्र पासा कोटेड निवासी पाल देवल फला कोलरा ने रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा लोकेश कोटेड सोमवार शाम के समय गांव के बेन एनिकट में नहाने गया था। इस दौरान वह एनिकट की गहराई में चले जाने से डूब गया। देर तक बेटा वापस घर नहीं आया तो मां ने उसे फोन किया, लेकिन

- **एनिकट में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गया था युवक**
- **घर नहीं लौटने पर ढूंढने गई मां को एनिकट के बाहर कपड़े दिखे**

बेटे ने फोन भी नहीं उठाया। इस पर मां आशा उसे ढूंढते हुए बेन एनिकट पहुंची, जहां बेटे के कपड़े और चप्पल एनिकट के बाहर ही पड़े हुए थे। इसके बाद मां ने गांव के लोगों को बुलाया। गांव के कुछ युवाओं ने एनिकट में तलाशी ली, जिस पर बेटे लोकेश का शव बाहर निकाला। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# महिलाओं से मोबाइल लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने महिलाओं से राह चलते मोबाइल लूट वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से 4 मोबाइल और वारदात में उपयोग में ली गई बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चार वारदात करना कबूल किया है। मंगलवार को मामले का खुलासा थानाप्रभारी अरविंद चारण ने किया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

थानाप्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि 12 सितंबर को थाने पर सुधा खींची नाम की युवती ने मुकदमा दर्ज

- **सुनसान क्षेत्रों में बिना नंबर की बाइक से वारदातें करता था**

करवाया था। शास्त्री नगर गार्डन के सामने से बदमाश के द्वारा मोबाइल ले जाने की शिकायत दी थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थानाप्रभारी ने बताया कि टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले। मुखबिर की सूचना पर टीम ने कार्रवाई करते हुए छतरी योजना निवासी भीम उर्फ रोहन मेहरा पुत्र ताराचंद मेहरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी से वारदात में लूटे गए चार मोबाइल और वारदात में उपयोग में ली गई बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चार वारदात करना कबूल किया है। आरोपी बिना नंबर मोटरसाइकिल से घूमता है और सुनसान क्षेत्र में मोबाइल पर बात कर रही महिलाओं का मोबाइल छीन कर भाग जाता है। मामले में कार्रवाई में विशेष योगदान हेड कॉन्स्टेबल किशोर कुमार और कांस्टेबल रामनरेश का रहा।

# झाड़ियों में युवक का शव मिला

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** ऐतिहासिक पहाड़ी किले की झाड़ियों में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई है। शव की अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पहाड़ी किले पर पशु चरा रहे चरवाहों की सूचना पर बयाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, जहां यह शव झाड़ियों में पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस एएसआई जितेंद्र शर्मा ने बताया कि युवक का शव झाड़ियों में पत्तों से ढका मिला है। शव से दुर्गंध उड़ रही है। इससे शव करीब

- **शव की अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हो सकी है**

6-7 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसकी अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हो सकी है, यह करीब 30 वर्ष आयु का लग रहा है। जिसने नीले रंग की जींस पैंट व चेक की शर्ट और रेड कलर के जूते पहने हुए हैं। शव के पास कोल्ड ड्रिंक की बोतल भी मिली है। मामले की तहकीकात के लिए अब भरतपुर से एफएसएल व डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाई गई है।

# युवक की हत्या के प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** भाबरु थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवक का अपहरण कर हत्या के प्रकरण में फरार आरोपियों को भाबरु थाना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त सवारी गाड़ी को भी जप्त कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को गिरधारी लाल पुत्र रामलाल सैनी निवासी ढाणी शाहिदावाला बाढ़ पुरोहित बानसूर ने पुलिस थाना भाबरु पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 10 सितंबर को उसके ताऊ के लड़के का लड़का सुनील कुमार सैनी पुत्र मोहनलाल जब अपना वाहन पिकअप लेकर पुष्कर जा रहा था। जिसको कसाना होटल भाबरु पुलिया के पास से नंदाराम गुर्जर, नेतराम यादव, बंटी, मक्खन गुर्जर, पप्पू मीणा एक बंद गाड़ी में डालकर ले गए तथा मारपीट कर दिल्ली-जयपुर रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास लड़ाकापास में पटक गए, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाबरु थाना क्षेत्र में घटना की गंभीरता को मध्यनजर रखते हुए प्रकरण में फरार

- **घटना में प्रयुक्त वाहन सवारी गाड़ी को भी पुलिस ने जप्त किया**

आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नेमसिंह के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन एवं उपनिरीक्षक थाना अधिकारी विराटनगर मनोहरहनलाल के नेतृत्व में टीम का गठन कर गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में कार्रवाई करते हुए फरार मुलजिमों की गहनता से तलाशी करते हुए घटना स्थल के आसपास में संभावित स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगालते हुए तकनीकी प्रणाली की सहायता से मुलजिमों की तलाश करते हुए नेतराम यादव निवासी ढ णी गोपाला तनलाड़ाकाबास, नंदाराम गुर्जर निवासी झीडागढ़, पिंटू उर्फ बंटी निवासी खेलना हाल बावड़ी, मक्खन गुर्जर निवासी झीडागढ़ को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन सवारी गाड़ी को जप्त किया है।

## जैन मंदिर से मूर्ति चोरी

**टोंक, (निसं)।** दतवास थाना क्षेत्र में बड़ागांव के दिगंबर जैन मंदिर से मूर्ति व चांदी के छत्र अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। अनिल कुमार जैन महेश कुमार जैन रामलाल जैन राजेश जैन ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने दोपहर के समय मन्दिर का दरवाजा खोलकर चोरी की। जब शाम को भक्त मन्दिर पहुंचे, तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। दिनदहाड़े चोरों ने दिगंबर जैन मंदिर के मेन गेट से घुसकर 100 साल पुरानी चौबीस भगवान की अष्टधातु की मूर्ति व दो चांदी के छत्र, तेरह भामंडल दो तांबे के यंत्र चुरा कर ले गए। उन्होंने बताया कि मंदिर में पहले भी दो बार मूर्ति चोरी हो गई थी। जैन समाज के लोगों ने दिगंबर जैन मंदिर में चोरी हो जाने की सूचना दतवास पुलिस को दी।

## बारिश से मौसम सुहाना

**करौली, (निसं)।** मौसम विभाग द्वारा 10 से 14 सितंबर तक अलर्ट के बाद थमे बारिश के दौर के बाद एक बार फिर मंगलवार को दिनभर तेज पड़ी धूप के चलते लोग गर्मी का एहसास करने लगे, लेकिन शाम 4:30 बजे बाद एक साथ अचानक मौसम ने पलटा खाया और घने काले बादल छा गए और शाम पांच बजे एक साथ हुई झमाझम बारिश से शहर की सड़कों पर पानी बह निकला।

# हादसे में विद्युतकर्मी की मौत, एक घायल

## जुगाड़ू क्रेन के जरिए विद्युत लाइन ठीक करने का कार्य कर रहे थे

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में यूआईटी के ठेकेदार के अधीन काम करने वाले विद्युत कर्मचारी हादसे का शिकार हो गए। आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जब ठेकाकर्मी क्षतिग्रस्त क्रेन के जरिए काम कर रहे थे, उस वक्त चैन चटकाने से हादसा हो गया और एक कर्मचारी की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रताप नगर थाना अधिकारी गजेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि हंगामे की सूचना पर जब एमजी हॉस्पिटल पहुंचे तो पता चला कि यूआईटी में ठेकेदार नीरज और संपत के अधीन काम करने वाले हस्तीमल पुत्र शांतिलाल आसींद हाल निवासी



मुआवजे की मांग को लेकर साथी कर्मचारियों ने एमजी मोर्चरी के बाहर हंगामा किया।

पुलिस लाइन और कमलेश माली थाना क्षेत्र में जोधड़ास के निकट विद्युत लाइन ठीक करने गए थे। जुगाड़ू क्रेन के जरिए विद्युत लाइन ठीक करने का कार्य कर रहे थे। इस दौरान अचानक क्रेन की चेन चटकने से दोनों कर्मचारी नीचे गिर गए

- **यूआईटी के ठेकेदार के अधीन काम करते थे विद्युत कर्मचारी**

जिससे हस्तीमल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमलेश माली गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कमलेश को इलाज के लिए उदयपुर रेफर किया गया है, वहीं हस्तीमल के परिजनों को आर्थिक मुआवजे की मांग करते हुए साथी कर्मचारियों ने एमजी मोर्चरी के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया। फिलहाल देर शाम तक हंगामा जारी था। प्रताप नगर थाना पुलिस समझाइश के प्रयास कर रही है।

# महिला की हत्या, तीन गिरफ्तार

**करौली, (निस)।** करौली जिले की करणपुर घाटी में पत्नी व पुत्री का गला दबाकर फैंकने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में घटना का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि गत 15 सितंबर को सूचना मिली कि करणपुर घाटी में एक महिला की लाश पड़ी हुई है जिस सूचना पर थाना अधिकारी मानसिंह मौके पर पहुंचे जहां काफी लोगों की भीड़ एकत्रित हो रही थी। घाटी की खाई में थाना अधिकारी द्वारा देखा गया तो एक महिला अर्धनग्न अवस्था में पड़ी हुई दिखाई दी जिस पर थाना अधिकारी करणपुर पुलिस दल के साथ खाई में उतरकर महिला के पास पहुंचे जहां महिला का चेहरा पहचान छुपाने की नीयत से किसी ज्वलनशील पदार्थ से जलाया गया एवं महिला के साथ अपराध घटित होना प्रतीत हो रहा था।

उन्होंने लोगों से महिला के शव की पहचान के बारे में पूछताछ की गई तो किसी ने भी महिला की शिनाख्त नहीं की। इसके पश्चात मृतका के शव को खाई से बाहर निकालकर करौली के सामान्य चिकित्सालय कि मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया और करणपुर,मामचारी थाने का जाप्त कैलादेवी पहुंचकर घटना के संबंध में विभिन्न होटल, धर्मशाला

- **करणपुर घाटी में पत्नी व पुत्री का गला दबाकर फैंक दिया था**

में लगे सीसीटीवी फुटेजों को चेक किया गया। इसी दौरान थाना अधिकारी करणपुर को सूचना मिली कि करणपुर घाटी के पास जंगल में एक 8-10 साल की बच्ची डरी सहमी सी घूम रही है जिस पर थाना अधिकारी पुलिस बल के साथ रवाना होकर करणपुर घाटी के पास पहुंचे जहां घाटी के पास जंगल में एक बालिका डरी सहमी सी रोती बिलखती हुई मिली जिसका नाम पता पूछा तो बालिका ने कुछ भी नहीं बताया।

थाना अधिकारी करणपुर ने बालिका को अपने साथ लेकर आसपास उसके परिजनों को तलाश किया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा बालिका से पूछताछ में उसने अपना नाम अमृता व पिता का नाम राजेश बताया बालिका अमृता से उसके निवास स्थान के बारे में बार-बार पूछने पर भी वह कुछ नहीं बता पा रही थी। इस दौरान बालिका का करणपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार भी कराया गया बालिका ने बताया कि मेरी मां का नाम वर्षा है व मेरे पापा का नाम राजेश बैरवा है मेरे पापा मुझे एवं मम्मी को कैलादेवी दर्शन कराने के लिए लेकर आए थे दिन में हम बड़ी धर्मशाला में रहे शाम को मेरे पापा ने कैलादेवी में राकेश निवासी तलावड़ा एवं मेरे जीजा कुलदीप निवासी मनोहरपुरा को बुलाया। इस पर राकेश और कुलदीप एक बोलेरो लेकर बड़ी धर्मशाला कैलादेवी के सामने आए उन्होंने बोलेरो में बैठाकर जंगल की तरफ ले आए रास्ते में राजेश, राकेश,कुलदीप ने मिलकर मेरी मम्मी व मेरे साथ मारपीट की और गला दबाकर मम्मी को मार दिया और गाड़ी से नीचे उतार कर एक खाई में पटक दिया। मैं बेहोश होकर डर गई।


बालिका ने बताया कि इस दौरान वह मुझे मरा समझ कर छोड़ गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना अधिकारी करनपुर, कैलादेवी, मामचारी एवं थाना सपोटरा से अलग-अलग टीम गठित कर विभिन्न स्थानों पर 200 सीसीटीवी कैमरो कि वीडियो को खंगाल कर बालिका अमृता से आरोपियों की पहचान करा कर उन्हें 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अभियुक्त राजेश पुत्र मोजम बैरवा निवासी तलावड़ा थाना सदर गंगापुर सिटी, राकेश पुत्र कमलेश बैरवा निवासी तलावडा थाना सदर गंगापुर सिटी एवं कुलदीप पुत्र रतनलाल बैरवा निवासी मनोहरपुरा थाना कैलादेवी से पूछताछ की गई।

# प्रशासन द्वारा लगाई गई अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया

## नौ सितंबर को समाजकंटकों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था

**कामां, (निसं)।** कामां कस्बे में गत नौ सितंबर को समाजकंटकों द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के बाद सोमवार को कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने प्रशासन द्वारा लगाई गई नई प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण के दौरान कामां एसडीएम दिनेश शर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

मूर्ति के अनावरण के बाद अंबेडकर पार्क में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक नौक्षम चौधरी ने कहा कि गत 22 अगस्त को भी इसी स्थान पर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था, जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। दूसरी बार फिर से 9 सितंबर को मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया गया। इसके भी चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस





बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति का विधायक नौक्षम चौधरी ने अनावरण किया।

और प्रशासन की सूझबूझ के चलते कामां क्षेत्र का माहौल बिगड़ने से बच गया। विधायक नौक्षम चौधरी ने विरोधियों को खुले शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि विरोधी कितनी भी चाल चल लें किसी भी चाल में कामयाब नहीं होंगे। नोक्षम चौधरी इतनी कमजोर नहीं कि विरोधी अपनी चाल चलें और कामयाब हो जाएं। बाबा साहेब के लिए में सौ बार कुर्बान हो भी जाऊ तो ये मेरा सौभाग्य होगा। मेरे खून की एक-एक बूंद बाबासाहेब के सम्मान के लिए हाजिर है। हमारे विरोधी है जो इस तरह से कामां विधानसभा क्षेत्र का माहोल बिगाड़ने की कोशिश

- **विधायक नौक्षम चौधरी ने विरोधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विरोधी कितनी भी चाल चल लें किसी भी चाल में कामयाब नहीं होंगे**

करते हैं, लेकिन कामां की जनता को जो प्यार स्नेह हमें मिला है, मैं मेरा परिवार हमेशा आपका आभारी है आभारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद चंदन सिंह जाटव, इतवारी लाल, घूरेलाल भास्कर, भोलेराम, रमेश अध्यापक, हीरालाल जाजोरिया, भूपेंद्र, मनमोहन डेमरौत, कुलदीप एडवोकेट, ओमप्रकाश पार्षद सहित जाटव समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।